SHKI S. M. BANERJEE : Let the Health Minister make a statement.

MR. SPEAKER: Papers laid on the Table.

12.28 hrs.

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### NOTIFICATIONS UNDER THE MINES ACT

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI S. C. JAMIR): I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (7) of section 59 of the Mines Act, 1952 :—

(1) The Coal Mines (Amendment) Regulations, 1970, published in Notification No. G. S. R. 526 in Gazette of India dated the 4th April, 1970.

(2) The Metalliferous Mines (Amendment) Regulations, 1970, published in Notification No. G. S. R. 527 in Gazette of India dated the 4th April, 1970.

[*Placed in Library. See* No. LT—3199/70]

12.29 hrs.

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### FORTY-EIGHTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS' AND SHIPPING & TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): Sir, I beg to move:

"That this House do agree with the Forty-eighth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 14th April, 1970."

MR. SPEAKER: The question is:....

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): While I agree with the Report of the Business Advisory Committee, I wish to state that some days back I wrote to you a very humble letter requesting that it is a very important matter...

MR. SPEAKER: We will have another meeting so far as these Demands are concerned. It is all right; we will have another meeting where we can decide.

SHRI S. M. BANERJEE: But, Sir, by that it will be too late. Lenin Centenary starts on the 22nd of this month. I requested you, Sir, that the House should adopt a unanimous Resolution paying homage to V. I. Lenin who is looked upon throughout the world as a great leader of the toiling millions of the world. Therefore, Sir, I request you to call a meeting of all the Oppositon leaders—including the ruling party—so that a non-controversial Resolution may be adopted by this House, just as we adopted a Resolution on Gandhiji on the occasion of the Gandhi Centenary Celebrations. Certainly, I hope, in all fairness, this House should adopt such a Resolution on Lenin, Sir.

MR. SPEAKER: I will consult the Minister of Parliamentary Affairs.

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) : जैसा माननीय बनर्जी साहब ने कहा है, मैं भी इसका समर्थन करता हूँ।

मैं बनर्जी साहब के कथन का समर्थन करता हूं। दूसरे मेरा निवेदन है कि यह चौथी योजना देश के लिए कितनी अहम और महत्वपूर्ण है और इस नाते मैं चाहूंगा कि जैसा मालूम दे रहा है बहुत सी मिनिस्ट्रीज की बजट डिमांड्स समयाभाव के कारण गिलेटिन हो जायेंगी, इसलिए प्लानिंग कमिशन पर सदन् में इसी बजट डिमांड्स पर बहस हो सके इसके लिए कुछ समय अवश्य निकाला जाय भले ही इसके लिए सदन को चाहे शनिवार को या इतवार को भी क्यों न बैठना पड़े लेकिन प्लानिंग कमिशन पर सदन में बहस अवश्य हो भले ही अन्य मिनिस्ट्रीज की बजट डिमांड्स गिलेटिन हो जायें।

श्री रामचरण (खुर्जा) : अध्यक्ष महोदय, शैडयूल्ड कास्ट्स कमिश्नर की 3 रिपोर्ट सबमिट हो चुकी हैं। उसके अलावा श्री परिमल घोष की अनटचेब्लिटी की रिपोर्ट भी सबमिट हो चुकी है लेकिन अभी तक इनमें किसी भी रिपोर्ट पर इस हाउस में विचार नहीं हुआ है। इसलिए मैं आप के माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या इस सेशन में इन तीनों शैडयूल्ड कास्ट्स कमिश्नर की रिपोर्ट्स और श्री परिमलघोष की अनटचेब्लिटी रिपोर्ट्स पर किसी पर बहस होगी या नहीं ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा इस सम्बन्ध में एक सुझाव

(श्री अटल बिहारी बाजपेयी)

है। आप ने सदन की भावना देखी कि हम लोग अधिक से अधिक समय चाहते हैं। मंत्रालयों की माँगों के ऊपर चर्चा के लिए समय निकल सकता है अगर आप भोजन की छुट्टो समाप्त कर दें और शनिवार को भी सदन बैठना आरम्भ कर दें। समय निकाला जा सकता है और इस बारे में आप सदन की राय ले लीजिए।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : किसी भी मिनिस्ट्री की बजट डिमांड गिलोटिन नहीं होनी चाहिए। सब पर सदन में विचार होना चाहिए।

SHRI G. VISWANATHAN (Wandiwash): Sir, we do not have Members present in the House to discuss the demands. There are hardly twenty Members present in the House.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, we are prepared to sit upto 7 'O' clock. I can assure you that on behalf of my party I am prepared to sit here upto 7 'O' clock unless of course I leave Delhi on some business. Further longer hours will definitely affect our efficiency. This has already affected our efficiency. Unless we do away with the lunch hour and work on Saturdays also, the work would not be completed. Otherwise, it may be decided to have two shifts—day and night shifts.

अध्यक्ष महोदय : कल बिजनेस ऐडवाइजरी कमेटी द्वारा यह लँच औवर को सस्पेंड करने की बात नहीं मानी गई थी। हम उसका कोई और हल सोचेंगे, किसी शनिवार को ले लेगें या फिर शाम को थोड़ा और अधिक तक बैठ जायेंगे। अब बिजनेस ऐडवाइजरी कमेटी दुबारा इस पर निर्णय कर सकती है। अभी तक तो वह यह भोजन की बीच की छुट्टी खत्म करने के लिए मानी नहीं है। अब आप लोग वहाँ तो कहते नहीं हैं यहाँ हाउस में कहते हैं तो उससे फायदा क्या है।

The question is:

"That this House do agree with the Fortyeighth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 14th April, 1970."

*The motion was adopted.*

SHRI RAGHU RAMAIAH: May I make one submission? Since the Business Advisory Committee and the House have agreed to take up the Bill on the 23rd, the House may sit to consider this Bill from 6 P.M. to 8 P.M. on the 23rd.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): What is to be taken up on the 23rd.

MR. SPEAKER: A Bill about Bengal will be taken up.

श्री ओ० वेंकट स्वामी (सिद्दिपेट) : अध्यक्ष महोदय, में आप के नोटिस में एक मामला लाना चाहता हूँ। करीब 40 रोज से हैदराबाद में सिंथैटिक ड्रग्स फैक्टरी में हड़ताल चल रही है। यह फैक्टरी हमारे पब्लिक सैक्टर में है और यह बड़ी चिन्ता का विषय है कि वहाँ इस फैक्टरी में पिछले 40 रोज से हड़ताल चल रही है और मिनिस्टर महोदय इस के ऊपर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मैंने एक कौलिंग अटैंशन नोटिस भी दिया हुआ है। यह पबलिक सैक्टर की अंडरटेकिंग है और इस तरह से वहाँ पर 40 रोज से हड़ताल चल रही है। कम से कम अध्यक्ष महोदय, आप अवश्य इस बारे में मंत्री महोदय का ध्यान दिलाइये...

MR. SPEAKER: I do not allow you. Please sit down.

SHRI S. KUNDU (Balasore): This is a serious matter. Thousands of workers are on strike.

Mr. SPEAKER: There are other ways of discussing it. Do not come here at any time to raise it abruptly.

---

**12.35 hrs.**

DEMANDS* FOR GRANTS, 1970-71—*contd.*

MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS—(*contd.*)

श्री मृत्युंजय प्रसाद (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं परसों कम्पनी ला में हेर फेर की बात कर रहा था। एक दूसरा उस में संशोधन हुआ है और वह यह कम्पनीज के लिए किसी भी पोलिटिकल पार्टी को चन्दा देना अब गुनाह करार दिया गया है। मेरे सामने एक

*Moved with the recommendation of the President.